**नस्लीय समानता को बढ़ावा देने पर**
**मौजूदा और नियोजित उपाय**

**विश्वविद्यालय अनुदान समिति सचिवालय**

विश्वविद्यालय अनुदान समिति (यूजीसी) एक गैर-सांविधिक निकाय है जो हांग कांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र सरकार को हांग कांग में उच्च शिक्षा के वित्त पोषण और सामरिक विकास के ऊपर परामर्श देती है। इस भूमिका में, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, और हांग कांग को इस क्षेत्र का शिक्षा केंद्र बनाने व हांग कांग के आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए बेहतरीन लोगों को शिक्षा देने के उद्देश्य के साथ यूजीसी सचिवालय विश्वविद्यालयों, प्रशासन और समुदाय के साथ मिलकर कार्य करता है। यूजीसी सचिवालय में आम लोगों की नस्लीय पृष्ठभूमि को महत्व दिए बिना सूचना को समान रूप से पहुंचाने पर काफ़ी महत्व दिया जाता है।

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • यूजीसी हांग कांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र सरकार और यूजीसी द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को हांग कांग में उच्च शिक्षा के वित्त पोषण और सामरिक विकास के ऊपर परामर्श सेवाएं और सहायता प्रदान करती है। |
| मौजूदा उपाय | • विविध नस्ल के लोगों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए अनुवाद सेवा का उपयोग किया जाएगा। |

| | |
|---|---|
| | • सर्विस काउंटर पर कार्यरत स्टाफ को भाषा सेवा नीति के साथ ही ज़रूरतमन्द आगंतुकों के लिए उपलब्ध भाषा सेवाएं आरंभ करने में निर्धारित कार्य प्रक्रियाओं की जानकारी है। |
| आगामी कार्य का मूल्यांकन | • विविध नस्ल के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से यूजीसी सचिवालय में समय-समय पर हमारी सेवाओं की समीक्षा जारी रहेगी।<br>• प्रदान की जाने वाली सेवाओं में निरंतर सुधार वास्ते स्टाफ और आम जनता से फीडबैक/ सुझावों पर विचार किया जाता रहेगा।<br>• निरंतर मूल्यांकन और सेवा की डिलिवरी में सुधार के लिए, विविध नस्ल के लोगों द्वारा सेवाओं के उपयोग पर डेटा और सूचना को निरंतर एकत्र और संदर्भ के लिए संबंधित पुलिस ब्यूरो को प्रदान किया जाता रहेगा। |
| लागू किए गए/किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | • यूजीसी सचिवालय द्वारा रिसेप्शन काउंटर में कार्यरत स्टाफ के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है जिससे नस्लीय समानता के प्रति उनकी जागरूकता और संवेदनशीलता को |

बढ़ाना जारी रहे।

नस्लीय समानता को बढ़ावा देने पर मौजूदा और नियोजित उपायों से संबंधित पूछताछ के लिए, कृपया निम्नलिखित चैनलों के जरिए Mr. Edmund Chiu, Senior Executive Officer (Administration) से संपर्क करें -

| | | |
|---|---|---|
| टेलीफोन नं. | : | (852) 3959 0445 |
| फ़ैक्स नं. | : | (852) 2845 1596 |
| ईमेल | : | echiu@ugc.edu.hk |
| डाक पता | : | 7/F., Shui On Centre,<br>6-8 Harbour Road, Wanchai,<br>Hong Kong SAR |

**विश्वविद्यालय अनुदान समिति सचिवालय**
**मई** 2025